सं. 05/05/2020 – रा. भा. (सेवा) पार्ट - ।
भारत सरकार
गृह मंत्रालय/ राजभाषा विभाग

एनडीसीसी –।। भवन,
बी विंग, चौथा तल, जय सिंह रोड,
नई दिल्ली – 110 001
दिनांक: 10 मई, 2023

कार्यालय आदेश

केन्द्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग की सुश्री मुक्ता गोस्वामी, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के दिनांक 07 फरवरी, 2023 के आदेश सं. 11019/2518/2018 – प्रशा. (ई-696)/191 के अनुसरण में दिनांक 01.05.2023 (पूर्वाह्न) को राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय में कार्यभार ग्रहण किया।

2. सुश्री मुक्ता गोस्वामी, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी को तत्काल प्रभाव से दूर संचार विभाग में तैनात किया जाता है। राजभाषा विभाग में कार्यभार ग्रहण करने के दौरान सुश्री मुक्ता गोस्वामी को दिनांक 01 मई, 2023 पूर्वाह्न से 10 मई, 2023 अपराह्न तक की अवधि के दौरान अनिवार्य प्रतीक्षा (Compulsory Waiting) में रखा गया। अनिवार्य प्रतीक्षा की अवधि के वेतन का भुगतान दूर संचार विभाग द्वारा किया जाएगा।

3. यह आदेश सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जा रहा है।

राजेश
10/5/2023.

(राजेश कुमार)
सहायक निदेशक (सेवा)

सेवा में

1. अवर सचिव (प्रशा./स्थापना), दूरसंचार विभाग, संचार भवन, अशोक रोड, नई दिल्ली।
2. अवर सचिव (प्रशा./ स्थापना), भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, जी – 5 एवं 6, सैक्टर – 10 द्वारका, नई दिल्ली को प्रेषित करते हुए अनुरोध है कि सुश्री मुक्ता गोस्वामी, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी की सेवापंजी, एलपीसी इत्यादि दस्तावेज अवर सचिव (प्रशा./स्थापना), दूरसंचार विभाग, संचार भवन, अशोक रोड, नई दिल्ली को सीधे ही भिजवा दिए जाएं।
3. सुश्री मुक्ता गोस्वामी, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी, राजभाषा विभाग, एन डी सी सी – ।। भवन, नई दिल्ली।
4. तकनीकी निदेशक (एन आई सी)। कृपया इस कार्यालय आदेश को राजभाषा विभाग की वैबसाइट पर अपलोड करवाने की व्यवस्था करें।
5. गार्ड फाईल।